CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

◘ वर्ष- 28 ◘ अंक- 99 ◘ रायपुर, रविवार 4 मई 2025 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## भारतीय सेना को रूसी मूल की इग्ला-एस मिसाइल मिली, 90 और खरीदने की तैयारी



**नई दिल्ली, 4 मई (न्यूज चैनल)।** भारत के दुश्मनों की अब खैर नहीं है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बीच भारतीय सेना की क्षमता में इजाफा हुआ है। सेना को रूसी मूल की इग्ला एस मिसाइलें मिली हैं। कंधे पर रखकर वार करने वाली यह मिसाइल दुश्मन को नेस्तनाबूद कर देगी। इसके अलावा 90 और मिसाइल खरीदने की तैयारी हो रही है।

कम दूरी की वायु सुरक्षा प्रणालियां भारतीय सेना की वायु रक्षा क्षेत्र में अहम योगदान देती हैं। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इग्ला-एस वायु रक्षा मिसाइलों की नई आपूर्ति कुछ सप्ताह पहले भारतीय सेना को हुई है। इन मिसाइलों को सीमाओं पर दुश्मन के लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों और ड्रोन से खतरे से निपटने के लिए सुरक्षा बलों को दिया जा रहा है। सुरक्षा बलों ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत विभिन्न अनुबंध किए हैं। करीब 260 करोड़ रुपये के इस अनुबंध से पश्चिमी क्षेत्र में वायु रक्षा बलों की ताकत बढ़ने की उम्मीद है। इस अनुबंध में इन्फ्रा रेड सेंसर आधारित कम दूरी की वायु सुरक्षा प्रणालियां शामिल हैं। इग्ला-एस मिसाइलों की आपूर्ति के साथ ही भारतीय सेना ने 48 लॉन्चर तथा लगभग 90 कम दूरी की वायु सुरक्षा प्रणालियां मिसाइलें खरीदने के लिए निविदा भी जारी की है। इसके अलावा पुरानी मिसाइलों को एक भारतीय फर्म द्वारा नवीनीकृत किया जा रहा है। इग्ला-एस मिसाइलें 1990 के दशक से प्रयोग में है।

### वायुसेना प्रमुख ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच अहम बैठक

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में यह अहम बैठक हुई।



इससे पहले नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी और उन्हें अरब सागर में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत कराया था। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और प्रधानमंत्री मोदी के बीच राष्ट्रीय राजधानी में लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर हुई यह बैठक पीएम की अध्यक्षता में उस बैठक के कुछ दिनों बाद हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए थे। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे। पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के एक दिन बाद सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक हुई थी। हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। सरकार ने आतंकवाद को करारा झटका देने के भारत के राष्ट्रीय संकल्प के प्रतिबद्धता जताई। पीएम मोदी ने कहा कि हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों और इसके पीछे के साजिशकर्ताओं को कड़ी सजा मिलेगी। सरकार ने सशस्त्र बलों को भारत की प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्य और समय पर निर्णय लेने के लिए पूरी स्वतंत्रता दी।

### पाकिस्तान ने भारतीय जहाजों के लिए बंद किए अपने बंदरगाह



भारत ने पाकिस्तान से सभी वस्तुओं के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था। अब पाकिस्तान ने भारत से आने वाले जहाजों के लिए अपने बंदरगाहों को बंद करने का ऐलान किया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है, जो अब चरम पर पहुंच गया है। बता दें, 22 अप्रैल को पहलगाम के बारिसन घाटी में आतंकियों ने घुसपैठ कर 26 पर्यटकों की हत्या कर दी थी। पाकिस्तानी समाचार आउटलेट डॉन ने देश के समुद्री मामलों के मंत्रालय के बंदरगाहों और शिपिंग विंग के हवाले से बताया, पड़ोसी देश के साथ समुद्री स्थिति के हालिया विकास को देखते हुए, समुद्री संप्रभुता, आर्थिक हित और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए पाकिस्तान तत्काल प्रभाव से निम्नलिखित उपायों को लागू करता है। भारतीय ध्वजवाहकों को किसी भी पाकिस्तानी बंदरगाह पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## बारात से लौट रहे दो लोग हादसे का शिकार, एक की मौत



**रायगढ़, 4 मई (हाईवे चैनल)।** जिले में सड़क दुर्घटना में एक ग्रामीण की मौत हो गई। वहीं उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला छाल थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक ग्राम तेंदुमुड़ी का रहने वाला महेत्तर राम राठिया (60) अपने साथी आयोध्या राम राठिया के साथ गांव के हेमंत सिंह राठिया की बारात में शामिल होने ग्राम नंगोई गया था। बारात में खाना खाकर दोनों साथी रात साढ़े 12 बजे वापस घर लौट रहे थे, कि वापसी में कुड़ेकेला जंगल ढाबा के पास मेन रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक को ठोकर मार दी।

हादसे में मेहत्तर सिंह राठिया के सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौत हो गई। वहीं उसके साथी के नाक, मुंह सहित उसके शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोट पहुंची। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना पुलिस को दी। जहां पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजवाया। बताया जा रहा है कि घटना को अंजाम देकर आरोपी अज्ञात वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 106(1), 125(ए) 281 के तहत अपराध दर्ज किया है। आरोपी वाहन चालक की पतासाजी की जा रही है।

## भाजपा विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के देवर की ट्रैक्टर दुर्घटना में मौत

**बलरामपुर, 4 मई (हाईवे चैनल)।** प्रतापपुर की भाजपा विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के देवर विजय बहादुर सिंह की आज सुबह एक हादसे में मौत हो गई. घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।

जानकारी के अनुसार, विजय बहादुर सिंह आज सुबह लगभग 9 बजे ट्रैक्टर लेकर अपने खेत जा रहे थे. रास्ते में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसके नीचे आने से विजय बहादुर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही परिवार और आस-पास तुरंत मौके पर पहुंचे. घटना की जानकारी रघुनाथनगर पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया गया, जहां पोस्टमार्टम कराया गया. विजय बहादुर सिंह का अंतिम संस्कार आज दोपहर 1 बजे उनके गृह ग्राम मुड़िया में किया जाएगा. अंतिम दर्शन के साथ शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने क्षेत्र के लोग और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं. बता दें कि विजय बहादुर सिंह न केवल विधायक के पारिवारिक सदस्य थे, बल्कि समाज में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे थे. उनके आकस्मिक निधन से राजनीतिक और सामाजिक जगत में भी शोक व्याप्त है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### पाक राजदूत ने भारत को दी परमाणु हमले की धमकी

**नई दिल्ली, 4 मई (न्यूज चैनल)।** पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति है। इस बीच, पाकिस्तान के राजदूत ने रूस में भारत को खुलेआम परमाणु हमले की धमकी दी है। मुहम्मद खालिद जमाली ने कहा कि अगर नई दिल्ली पड़ोसी देश पर हमला करता है तो इस्लामाबाद परमाणु हथियारों सहित अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेगा। आर.टी. के साथ एक साक्षात्कार में राजदूत मुहम्मद खालिद जमाली ने दावा किया कि कुछ लीक हुए दस्तावेजों से पता चला है कि भारत पाकिस्तान के कुछ इलाकों पर हमला करेगा और संघर्ष आसन्न है।

### ऑस्ट्रेलिया आम चुनावः एंथनी अल्बनीज दोबारा बने प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, 4 मई (न्यूज चैनल)। एंथनी अल्बनीज ने एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने का रास्ता साफ कर लिया है। उन्होंने देश में लगातार दूसरी बार आम चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया है। पिछले 21 वर्षों में वह पहले ऐसे प्रधानमंत्री बन गए हैं जिन्हें लगातार दो बार जनादेश मिला है। इस बार के चुनाव में अल्बनीज की लेबर पार्टी ने कड़े मुकाबले में विपक्षी लिबरल पार्टी को हराया। लेबर पार्टी को संसद में बहुमत मिलने की संभावना के साथ ही यह स्पष्ट हो गया कि देश की जनता ने फिर से अल्बनीज पर भरोसा जताया है।

## एमबीए पास युवक से 10 लाख की ठगी, सुसाइड के लिए उकसा रहा शातिर

**रायपुर, 4 मई (हाईवे चैनल)।** राजधानी के धरमपुरा में रहने वाले एक युवक से 10 लाख की ऑनलाइन ठगी हो गई। युवक को उसके परिचित ने शेयर मार्केट में निवेश पर मोटा मुनाफा का झांसा दिया। ठग ने युवक का पासवर्ड व आईडी लेकर उसके शेयर मार्केट अकाउंट को खुद ऑपरेट करने लगा। ठग ने युवक का पैसा निकाल लिया। उसके बाद ब्लैक मेलिंग करने लगा और युवक से एक लाख और ऐंठ लिया। युवक ने माना थाना, साइबर सेल समेत कई जगह इसकी शिकायतें की है। अब तक केस दर्ज नहीं हुई। युवक रिपोर्ट लिखवाने के लिए चक्कर काट रहा है। पुलिस ने बताया कि धरमपुरा निवासी अभिषेक चंद्रवंशी एमबीए की पढ़ाई कर चुका है। वह दो साल पहले पुणे गया था। वहां उसकी मुलाकात स्वतंत्र सिंह से हुई थी। दोनों में बातचीत होती थी। फिर अभिषेक वापस रायपुर आ गया। 15 दिन पहले उसे स्वतंत्र ने फोन किया और शेयर मार्केट में निवेश पर 20 लाख रुपए कमाने का झांसा दिया। अभिषेक झांसे में आ गया। स्वतंत्र ने अभिषेक को मुनाफा के लिए उसके डीमैट अकाउंट की जानकारी ली और उसे खुद उपयोग करने लगा। शुरुआत में भरोसा दिलाने के लिए स्वतंत्र ने मुनाफा दिया। उसके बाद उसने 14 लाख रुपए का नुकसान होना बताया। फिर वह ब्लैकमेलिंग करने लगा और अभिषेक से 1 लाख रुपए और ऐंठ लिया। उसने अभिषेक को धमकी दी कि वह उनके साथ जुड़कर ठगी करे या फिर अपना पैसा भूल जाए या फिर खुदकुशी कर ले।

## बिचौलिए ही नहीं बड़ा सिंडिकेट भी 'हरा सोना' खपाने में जुटा ओडिशा में मेटाडोर से जब्त किया गया 110 बोरा तेंदूपत्ता

**गरियाबंद, 4 मई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती फड़ों में बिचौलिए ही नहीं, बल्कि बड़े सिंडिकेट भी बड़े पैमाने पर ओडिशा का तेंदूपत्ता खपाते हैं, हमने इसका दावा अपने खबर में पहले से कर दिया था, अब इसकी पुष्टि भी हो गई. बीती रात सीमा से महज 10 किमी दूरी पर कालाहांडी के धर्मगढ़ रेंज में ग्रामीणों ने शुक्रवार की शाम को बडकेंदुगुड़ा के पास सूखे तेंदू पत्ते से भरा एक मेटाडोर को पकड़ा.

छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में पंजीकृत मेटाडोर (सीजी 04 जेडी 3319) सीमा से लगे फड़ में पत्तों की एंट्री कराने लेकर आ रहा था. वाहन रोकने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दिया, जिसके बाद कालाहांडी पश्चिम डिविजन के एसडीओ ओंकार दास, धर्मगढ़ रेंज के रेंजर भवानी कुंअर के साथ अमला को लेकर जब तक मौके पर पहुंचते, तब तक मेटोडोर चालक फरार हो गया था. वाहन के साथ वाहन में लोड 110 बोरी तेंदूपत्ता को जब्त कर लिया. रेंजर भवानी कुंअर ने घटना की पुष्टि करते हुए मीडिया को बताया कि मौके से चालक भाग गया है. हेल्पर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. जब्त तेंदूपत्ता लड्डू गांव रेंज के एक गांव से लाया जा रहा था. रेंजर ने कहा कि वाहन में कोई भी वैधानिक दस्तावेज नहीं थे, लेकिन आरंभिक पूछताछ में हेल्पर ने पत्ता छत्तीसगढ़ के देवभोग रेंज इलाके में ले जाना बताया है, जिसकी उचित जांच कर नियम के मुताबिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा.




**बड़ा सिंडिकेट कर रहा काम:** मेटाडोर की जांच के दौरान पीपलझापर ग्राम पंचायत का एक प्रस्ताव मिला, जिसमे पंचायत की सर्वसम्मति से सूखा हुआ तेंदूपत्ता देवभोग रेंज के समिति में ले जाने का जिक्र है. वन अमला ने इस पत्र को लेकर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अब तक अफसर इसका खुलासा नहीं किए हैं कि जब्त पत्ता किसके द्वारा, कहां ले जाया जा रहा था. पड़ोसी राज्य से संबंध रखने वाले स्थानीय लघु वनोपज संस्थान में बड़े पदाधिकारी हैं, जो स्थानीय प्रशासन से साठ-गांठ कर इस काम को अंजाम दे रहे हैं. सूत्र बताते हैं कि जिस सूखे पत्ते की सप्लाई हो रही थी, उसकी एंट्री संग्राहक के खाते में पहले से ही खरीदी बताकर एंट्री कर दिया गया है. झाखरपारा समिति ने खरीदी के 4 दिन बाद भी कितनी खरीदी किया है, इसकी जानकारी वन विभाग शुक्रवार की रात तक तक नहीं दे पाया था. हैरानी की बात है कि प्रदेश में भारी मात्रा में बड़े पैमाने पर खपाने आ रहे तेंदूपत्ते की जानकारी देवभोग रेंज के अफसरों को कार्रवाई के 20 घंटे बाद भी नहीं थी.

**तो पांच गुना भुगतान करना पड़ता सरकार को:** छोटे बिचौलिए सीधे संग्राहक को बेच रहे पर बोगस खरीदी के बड़े कड़ी संग्राहकों के कार्ड के आड़ बड़ा खेल खेल रहे हैं. छत्तीसगढ़ की तर्ज पर बड़े बारदाने में सूखे पत्ता भरा गया था. 110 बड़े बोरे में लगभग 90 मानक बोरा तेंदू पत्ता भरा था, जिसकी कीमत ओडिशा में एक से सवा लाख की थी. यही अगर यहां के फड़ों में संग्राहकों के नाम विक्रय दिखाने में सफल हो गए होते तो इसके एवज में 4 लाख 95 हजार का भुगतान सरकार को करना पड़ता.

**कार्रवाई की नहीं कोई लिखित सूचना:** इस संबंध में डीएफओ लक्ष्मण सिंह का कहना है कि कार्रवाई की अब तक कोई लिखित सूचना नहीं आई है. अगर हमारे इलाके से संबद्धता पाई गई है तो मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल, इस कार्रवाई की कोई अधिकृत सूचना नहीं है।

## नीट अभ्यर्थियों को ठगने के आरोप में चार गिरफ्तार; असम में पाकिस्तान समर्थक पोस्ट करने पर 39 लोग पकड़े

**नई दिल्ली, 4 मई (न्यूज चैनल)।** ओडिशा में पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए नीट अभ्यर्थियों को ठगने पर एक अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त एसडी सिंह ने बताया कि ओडिशा के दो लोगों सहित चार लोगों को शनिवार को भुवनेश्वर विशेष अपराध इकाई ने गिरफ्तार किया। यह गिरोह मेडिकल कॉलेजों में दाखिले का वादा करके उम्मीदवारों से पैसे लेता था। वह फर्जी उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठाने वाला था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किये गये चार लोगों की पहचान झारखंड के प्रियदर्शी कुमार, बिहार के अरविंद कुमार तथा ओडिशा के सुनील सामंत्रे और रुद्र नारायण बेहरा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इस काम में स्थानीय जासूस शामिल थे, जो आधार कार्ड सहित नीट उम्मीदवारों के विवरण प्राप्त करते थे, जिससे उनका पंजीकरण आसान हो जाता था। एक बार एडमिट कार्ड प्राप्त हो जाने के बाद उन्हें बिहार में गुर्गों को सौंप दिया जाता था। प्रॉक्सी उम्मीदवार एडमिट कार्ड के विवरण में हेराफेरी करके हृश्वश्वङ्ग परीक्षा देते हैं। गिरोह प्रति अभ्यर्थी 20 से 30 लाख रुपये वसूल रहा था। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि भारतीय धरती पर पाकिस्तान का बचाव करने के आरोप में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अब तक पाकिस्तान समर्थक पोस्ट करने के आरोप में 39 लोग पकड़े जा चुके हैं। सरमा ने यह भी बताया कि दोनों को होजई और दक्षिण सलमारा-मनकाचर जिलों से गिरफ्तार किया गया।

## बदरीनाथ मंदिर के कपाट खुले

**नई दिल्ली, 4 मई (न्यूज चैनल)।** उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्वप्रसिद्ध बदरीनाथ मंदिर के कपाट छह माह बंद रहने के बाद रविवार सुबह फिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह छह बजे चमोली जिले में स्थित मंदिर के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना के साथ देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में खोल दिए गए।




इस मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष महेंद्र भट्ट तथा टिहरी के विधायक किशोर उपाध्याय भी मौजूद थे। कपाट खुलने के दौरान पूरा वातावरण ढोल-नगाड़ों व सेना के बैंड की मधुर धुन और हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं के 'जय बदरी विशाल' के जयकारों से भक्तिरस से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर मंदिर को लगभग 15 टन रंग-बिरंगे और सुगंधित फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था, जिसने मंदिर की सुंदरता में चार चांद लगा दिए। इससे पहले, परंपरानुसार सुबह बदरीनाथ धाम के मुख्य पुजारी रावल,धर्माधिकारी व वेदपाठियों द्वारा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई और फिर विधि विधान से माता लक्ष्मी को गर्भ गृह से निकालकर मंदिर की परिक्रमा करा लक्ष्मी मंदिर में विराजमान किया गया। इसके बाद भगवान कुबेर जी व उद्धव जी को बदरी विशाल मंदिर के गर्भ गृह में विराजित किया गया। तत्पश्चात् भगवान बदरी विशाल की चतुर्भुज मूर्ति से घृत कंबल को अलग कर उनका विधिवत अभिषेक (स्नान) करवाया गया और आकर्षक श्रृंगार किया गया। मुख्य मंदिर के साथ ही बदरीनाथ धाम मंदिर परिक्रमा स्थित गणेश, घंटाकर्ण, आदि केदारेश्वर, आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर व माता मूर्ति मंदिर के कपाट भी इस यात्रा हेतु श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं।

## सड़क हादसे में तीन सगे भाइयों समेत चार लोगों की मौत, एक अन्य घायल

**नई दिल्ली, 4 मई (न्यूज चैनल)।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के जैत थाना क्षेत्र में रामताल वृंदावन रोड पर शनिवार शाम एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सगे भाइयों और चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार एक तेज रफ्तार कार ने सवारी ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गया और इसके बाद सड़क पर घायल पड़े लोगों को पीछे से आ रहे डंपर ने कुचल दिया। पुलिस के मुताबिक ऑटो चालक के अलावा तीन भाइयों की मौके पर ही मौत हो गयी तथा उनका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सक उसकी जान बचाने के भरसक प्रयास खर रहे हैं। सभी भाई मप्र के इंदौर से एक शादी समारोह में शामिल होनेवृन्दावन पहुंचे थे। पुलिस अधीक्षक (शहर) आरविंद कुमार ने बताया कि गोविंद नगर क्षेत्र के जयसिंहपुरा खादर का निवासी आटो-रिक्शा चालक साबिर (25) तथा इंदौर निवासी सगे भाइयों प्यारे लाल शर्मा (60), हुकुम चंद शर्मा (40) व मुकेश शर्मा (45) तथा उनके चचेरे भाई शिवम शर्मा को प्रेम मंदिर के दर्शन कराकर वापस होटल छोड़ने ले जा रहा था। तभी यह हादसा हुआ और चालक के अलावा तीनों सगे भाइयों की मौत हो गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आटो रिक्शा के टुकड़े सौ मीटर के दायरे मैं फैल गए तथा चालक सहित पांचों सवार भी सड़क पर गिर गए, जिन्हें पीछे से आ रहे एक डंपर ने कुचल दिया।

CMYK